# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 11.05.2025**

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चे को ढूंढ कर परिजनों को लौटाई खुशियां-**

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 11.05.2025 को समय करीब 16.20 बजे श्री चन्द्रप्रकाश उर्फ पिन्टू पुत्र रामप्रकाश निवासी मरूआ शाहजहांपुर थाना सट्टी कानपुर देहात के द्वारा थाना सट्टी पर एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें अपने 11 वर्षीय पुत्र आयुष का घर से कही चले जाना व बहुत खोजने पर न मिलना बताया गया। जिस पर थाना सट्टी पुलिस द्वारा संयुक्त टीम उ0नि0 शिवप्रसाद, का0 सोनू कुमार व म0का0 अनामिका को बच्चे को खोजने हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा आस-पास सभी क्षेत्रों में तलाश की गयी, तो लापता बच्चे आयुष को गौरीकरन गांव थाना क्षेत्र सट्टी कानपुर देहात के बाहर पुलिया के पास से खोज निकाला गया। बच्चे की मां श्रीमती शिल्पी देवी पत्नी श्री चन्द्रप्रकाश निवासी मरूआ शाहजहांपुर थाना सट्टी कानपुर देहात को बच्चे को सकुशल सुपुर्द किया गया। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की परिजनों तथा लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**गुमशुदा बच्चे का विवरण-** आयुष पुत्र श्री चन्द्रपाल निवासी मरुआ शाहजहांपुर थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 11 वर्ष।